Raj Express (Indore), 06th June 2026, Page- 04

करियर

13 को पहले राउंड का सीट आवंटन-आईआईटी में एडमिशन के लिए जोसा काउंसलिंग

डॉक्यूमेंट अपलोड कर 23 जून तक करें रिपोर्टिंग

● इंदौर/ राज न्यूज नेटवर्क

आईआईटी इंदौर सहित देशभर के 23 आईआईटी, 32 एनआईटी, 26 ट्रिपलआईटी और 56 जीएफटीआई में एडमिशन के लिए जोसा काउंसलिंग की प्रक्रिया चल रही है। इस साल पांच राउंड में 24 जुलाई तक काउंसलिंग पूरी की जाएगी। पहले राउंड का आवंटन 13 जून को किया जाएगा। जिन छात्रों को सीट मिलेगी, उन्हें 23 जून तक ऑनलाइन रिपोर्टिंग, सीट असेपटेंस फीस जमा कर डॉक्यूमेंट अपलोड कर सीट कंफर्म करना रहेगी। दूसरे राउंड का सीट आवंटन 30 जून, तीसरे का 6 जुलाई, चौथे का 10 जुलाई व पांचवा व अंतिम 16 जुलाई को होगा।

पिछले साल से 2502 अधिक विद्यार्थी काउंसलिंग के लिए बने पात्र: आईआईटी रुड़की ने जेईई एडवांस्ड परीक्षा इंदौर सहित 222 शहरों में आयोजित की। इस बार 1 लाख 79 हजार 694 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। इस बार 2502 अधिक विद्यार्थी काउंसलिंग के लिए पात्र बने हैं।

कट ऑफ 18 अंक ज्यादा

जेईई एडवांस्ड 2026 की कट ऑफ पिछले साल के मुकाबले 18 अंक ज्यादा रही। इस साल सामान्य श्रेणी की औसतन 25.56 प्रतिशत यानि 92 अंक और विषयवार 7.30 प्रतिशत यानि 8 अंक रही। ओबीसी व ईडब्ल्यूएस की 22.78 प्रतिशत यानि 82 अंक, विषयवार 6.51 प्रतिशत यानि 7 अंक कट ऑफ रही। एससी-एसटी की औसतन 12.78 प्रतिशत यानि 46 अंक और विषयवार 3.65 प्रतिशत यानि 4 अंक रही। जबकि 2025 में सामान्य श्रेणी की कटऑफ 20.55 प्रतिशत यानि 74 अंक और विषयवार 5.83 प्रतिशत यानि 7 अंक थी।

सहा. प्राध्यापक परीक्षा 12 को

इंदौर। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की ओर से सहायक प्राध्यापक के पदों की पूर्ति के लिए परीक्षा का आयोजन 12 जुलाई को किया जाएगा। संस्कृत, भूगोल, मनोविज्ञान, विधि, भूगर्भशास्त्र और योगिक विज्ञान विषय के लिए उक्त परीक्षा होना है। उक्त परीक्षा की योजना और पाठ्यक्रम आयोग की वेबसाइट पर जारी किया गया है। परीक्षा दो सत्र में ऑफलाइन पद्धति से होना है। पहला प्रश्न पत्र सामान्य अध्ययन का सुबह 10 से 11 बजे तक और दूसरा प्रश्न पत्र संबंधित विषय का दोपहर 1 से शाम 4 बजे तक लिया जाएगा।

इतिहास विषय के लिए उम्मीदवारी निरस्त

आयोग ने सहायक प्राध्यापक (इतिहास) परीक्षा-2024 के उम्मीदवारों की उम्मीदवारी निरस्त की। दो आवेदक ऐसे हैं जिनकी स्नातकोत्तर की उपाधि इतिहास विषय में न होकर अन्य विषय में हैं, विज्ञापन अनुसार शैक्षणिक योग्यता पूरी नहीं होने से उम्मीदवारी निरस्त कर दी गई।